**भारत के राष्ट्रपति,**

**श्री राम नाथ कोविन्द**

**का**

**दादरा व नगर हवेली तथा दमन व दीव में**

**विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण के अवसर पर सम्बोधन**

**दमन, 17 फरवरी, 2020**

1. आज से केवल तीन सप्ताह पूर्व, गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर, दादरा व नगर हवेली तथा दमन व दीव के एकीकरण के लिए मैं केन्द्र सरकार, संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन और आप सब को बधाई देता हूं। एकीकृत हुए इस संघ राज्यक्षेत्र में, जन-कल्याण और विकास की परियोजनाओं के आज दमन में आयोजित लोकार्पण समारोह में, आप सबके बीच आकर मुझे प्रसन्नता हुई है। मुझे विश्वास है कि इन परियोजनाओं से इस संघ राज्यक्षेत्र के विकास को, नई ऊर्जा और गति प्राप्त होगी।

देवियो और सज्जनो,

2. राष्ट्रपति के रूप में इस संघ राज्यक्षेत्र की यह मेरी पहली यात्रा है। मेरे पूर्ववर्ती राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, सन 2003 में दमन आए थे। आप सबके बीच आज मेरी उपस्थिति का श्रेय यहां के प्रशासक श्री प्रफुल्ल पटेल और दोनों संसद सदस्यों श्री लालू भाई पटेल और श्री मोहन देलकर को जाता है।

देवियो और सज्जनो,

3. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्वच्छता और साफ-सफाई पर बहुत बल देते थे। वे यह मानते थे कि स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ रहना बहुत जरूरी है। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि दादरा व नगर हवेली तथा दमन व दीव के सभी जिलों को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया जा चुका है। वर्ष 2019 में स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण के अंतर्गत दमन व दीव क्षेत्र को पहला और दादरा व नगर हवेली को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। इन उपलब्धियों को हासिल करने का श्रेय आप सब को जाता है और इसके लिए मैं आप सब को बधाई देता हूं।

4. मुझे बताया गया है कि इस संघ राज्यक्षेत्र को विभिन्न योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए केन्द्र सरकार से पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार और 'कायाकल्प योजना' के अंतर्गत वर्ष 2019 में श्री विनोबा भावे सिविल अस्पताल, सिलवासा को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

5. मुझे यह देखकर प्रसन्नता हुई है कि स्वास्थ्य और अन्य सेवाओं में आधुनिक टेक्नोलॉजी के उपयोग ने गरीब और मध्यम वर्ग का जीवन आसान बनाया है। ई-आरोग्य इको-सिस्टम के अंतर्गत इस संघ राज्यक्षेत्र के 6 लाख से अधिक लाभार्थियों को पंजीकृत किया गया है। इसके अलावा, वर्ष 2019 में मेडिकल कॉलेज और रिसर्च सेंटर, गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज और पैरामेडिकल कॉलेज भी शुरू किए गए हैं।

6. सिलवासा में श्री विनोबा भावे सिविल अस्पताल को उन्नत करके 650 बिस्तर वाला मल्टी-स्पेशियालिटी टीचिंग हॉस्पिटल बनाया जा रहा है। दमन में भी 300 बिस्तर वाला अस्पताल बनाया जा रहा है। दादरा व नगर हवेली में 52 आरोग्य केन्द्र और दमन व दीव में 26 आरोग्य केन्द्र काम कर रहे हैं। एक नवीन पहल के रूप में, कुल 30 आरोग्य

केन्द्रों के अपग्रेडेशन का काम Industrial Corporate Social Responsibility तथा MP Local Area Development फंड की सहायता से किया जा रहा है।

7. आज 15 नए स्वास्थ्य व आरोग्य केन्द्रों का शिलान्यास तथा 7 केन्द्रों का लोकार्पण करने का सुअवसर भी मुझे प्राप्त हो रहा है। इससे लोगों को, उनके घर के निकट बेहतर व किफायती स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

देवियो और सज्जनो,

8. आप लोग अपनी बेटियों की शिक्षा पर बहुत ध्यान दे रहे हैं। इसी कारण यहां प्राइमरी स्कूलों में नामांकन शत-प्रतिशत है। इस प्रकार आप बाबासाहब डॉक्टर बी.आर. आंबेडकर की सोच के अनुरूप कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि 'यदि आप अपनी अगली पीढ़ी सुधारना चाहते हैं, तो आपको अपनी लड़कियों को भी शिक्षित करना होगा।' यह प्रसन्नता का विषय है कि देश में पहली बार उच्च शिक्षा संस्थाओं में छात्राओं ने छात्रों के मुकाबले ज्यादा संख्या में दाखिला लिया है। यहां की शिक्षा व्यवस्था की सफलता इस बात से स्पष्ट होती है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय के 'परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स' के अनुसार इस राज्यक्षेत्र को grade-1 का क्षेत्र घोषित किया गया है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में इन उपलब्धियों के लिए, सभी जन-प्रतिनिधि, अधिकारी-गण, पंचायती-राज संस्थाएं और यहां के आप सब जागरूक नागरिक बधाई के पात्र हैं।

देवियो और सज्जनो,

9. यहां पर आदिवासी भाई-बहनों की बड़ी आबादी को ध्यान में रखते हुए उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा अधिक से अधिक वन उत्पादों पर MSP का लाभ दिया जाने लगा है। जनजातीय विद्यार्थियों के लिए विशेष छात्रवृत्तियां दी जा रही हैं। मुझे बताया गया है कि पिछले 3 वर्षों में, इस संघ राज्यक्षेत्र के जनजातीय विद्यार्थियों को दस हजार से भी अधिक प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप प्रदान की गई हैं।

10. ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए भारत सरकार अनेक प्रयास कर रही है और आने वाले वर्षों में लगभग 25 लाख करोड़ रुपए की राशि देश के कृषि क्षेत्र पर खर्च की जाएगी। मुझे बताया गया है कि यहां के किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, 'गीर आदर्श आजीविका योजना' और बीज, मशीनरी व उपकरण खरीदने के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी देने की योजनाएं चलाई जा रही हैं।

11. दादरा व नगर हवेली तथा दमन व दीव में बड़ी संख्या में लोग मछली पालन और मछली पकड़ने के व्यवसाय से जुड़े हैं। मछली पकड़ने के उपकरण खरीदने, दुर्घटना या प्राकृतिक आपदा की स्थिति में आर्थिक सहायता देने और सामूहिक बीमा योजना से जोड़ने की योजनाएं भी यहां चलाई जा रही हैं।

12. इस संघ राज्यक्षेत्र में मझोली तथा लघु उद्योग इकाइयां बड़ी संख्या में हैं जिनमें हजारों लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। मुझे प्रसन्नता है कि औद्योगिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण के संरक्षण के प्रति भी यहां का प्रशासन, उद्यमी और आप सभी लोग जागरूक हैं।

देवियो और सज्जनो,

13. आज भी देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराना एक चुनौती है। पानी की कमी से हमारी बहनों-बेटियों का जीवन बहुत कठिन हो जाता है। मुझे संतोष है कि पेयजल उपलब्ध कराने के लिए इस संघ राज्यक्षेत्र में लगभग 152 करोड़ रुपए की लागत से तैयार इंटीग्रेटेड वाटर मैनेजमेंट यूनिट का आज उद्घाटन किया जा रहा है।

14. आज, जमपोर सी-फ्रंट व नानी दमन जैटी गार्डन के सौंदर्यीकरण, दाभेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और सिलवासा में आउटडोर स्पोर्ट्स सुविधाओं का लोकार्पण भी हो रहा है। इनसे इस क्षेत्र में पर्यटकों का आगमन बढ़ेगा और देश के पर्यटन मानचित्र पर इस संघ राज्यक्षेत्र को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त होगा।

15. दादरा व नगर हवेली तथा दमन व दीव संघ राज्यक्षेत्र में बेघरों को घर देने के लिए सर्वोदय आवास योजना चलाई जा रही है। 40 बेघर लोगों को आवास सौंपने का अवसर आज मुझे प्राप्त हो रहा है। मुझे प्रसन्नता है कि सकरतोड़ नदी का पुल, विद्युत सब स्टेशन और मोटी दमन जैटी से जमपोर बीच तक की सड़क भी आज आप सभी को समर्पित की जाएगी। इन जन-सुविधाओं से आप सब लोगों का जीवन और भी सुगम होगा।

देवियो और सज्जनो,

16. भारत सरकार और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन लोगों की भलाई और प्रगति के लिए भरपूर प्रयास कर रहे हैं। अब सभी देशवासियों की यह ज़िम्मेदारी है कि हम सब, अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक और समर्पित

रहते हुए देशहित में पहले से अधिक ऊर्जा और उत्साह के साथ कार्य करने को अपने जीवन की प्राथमिकताओं में शामिल करें तथा देश की विकास-यात्रा में सहभागी बनें।

17. मेरी शुभकामना है कि आज जिन विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है, उनसे आप सभी लोगों का जीवन बेहतर और खुशहाल बने।

खूब-खूब शुभेच्छाओ! आभार,

जय हिन्द!